आवश्यकता है
एफ बी आई को

वकार घुम्मन

बैंक डकैती; एक बैंक में चोरी करने के इरादे से प्रवेश करना; बैंक चोरी

विवरण

उपनाम : वकार वाई घुम्मन, वकार यूनुस घुम्मन

जन्म तिथि (तिथियाँ) का उपयोग किया : 16 अक्टूबर 1989

बाल: काले

लम्बाई: 5'9"

लिंग : पुरुष

राष्ट्रीयता: पाकिस्तानी

जन्म स्थान: पाकिस्तान

आँखे: भूरी

वजन: 178 पाउंड

व्यवसाय: घुम्मन ने कलास ए ट्रक चालक के रूप में काम किया है जो अक्सर पश्चिमी तट की यात्रा करता था.

एन सी आई सी: W935417074

पुरस्कार

एफ बी आई उस जानकारी के लिए 1500 डॉलर तक के इनाम की पेशकश करता है जिस से वकार घुम्मन की गिरफ्तारी हो जाए

टिप्पणियाँ

ऐसा माना जाता है कि घुम्मन और ज़मीर एक साथ यात्रा कर रहे हैं क्योंकि वे लंबे समय से मित्र हैं। शायद इन्होनें पाकिस्तान की यात्रा की हो। घुम्मन के ब्रुकलिन, न्यू यॉर्क; न्यू जर्सी, व्योमिंग, इलिनोइस, केन्सास, और पेंसिल्वेनिया में संबंध हैं।

सावधान

वकार घुम्मन और मोहसिन ज़मीर की तलाश एक सशस्त्र बैंक डकैती में उनकी कथित भागीदारी के लिए है, जो 8 जनवरी 2016 को टोनवांडा, न्यू यॉर्क में हुई थी। यह आरोप है कि इन दो संदिग्धों ने बैंक में प्रवेश किया तथा ग्राहकों और कर्मचारियों पर पिस्तौल तानी और मौखिक रूप से धमकियां जारी की। घुम्मन कथित रूप से काउंटर पर से कूद गया और मांग की कि टेलर दराज़ खोले जाएं और एक थैले में खाली किये जाएं। उस ने बैंक मैनेजर को भी बंदूक की नोक पर वॉल्ट खोलने के लिए आदेश दिया। वॉल्ट से पैसा प्राप्त करने के बाद, घुम्मन और ज़मीर बैंक से बाहर निकले। घुम्मन और ज़मीर पर बैंक डकैती, एक बैंक मे चोरी करने के इरादे से प्रवेश करने के लिए और बैंक चोरी के आरोप लगाऐ जाने के बाद,14 फरवरी, 2017 को दोनों के लिए संघीय गिरफ्तारी वारंट, संयुक्त राज्य जिला अदालत, न्यू यॉर्क के पश्चिमी जिला, बफेलो, न्यू यॉर्क में जारी किए गए।

हिंसक प्रवृत्तियों के साथ सशस्त्र और खतरनाक माना जाना चाहिए

अगर आपके पास इस व्यक्ति से संबंधित कोई जानकारी है तो कृपया अपने स्थानीय एफ बी आई कार्यालय या निकटतम अमेरिकी दूतावास या कांसुलेट से संपर्क करें।

फील्ड ऑफिस: बफेलो